# अमिताभ की तबीयत बिगड़ी



जोधपुर,(आरएनएस)। बॉलिवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की तबीयत बिगड़ गई है। वह इन दिनों में जोधपुर में अपनी आने वाली फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तां की शूटिंग कर रहे हैं। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में खुद ही इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि उन्होंने सुबह तीन बजे तक शूटिंग की और फिर 5 बजे नाश्ता किया। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में लिखा है कि वह मंगलवार को अपने डॉक्टरों की टीम से मिलेंगे ताकि उनका शरीर एक बार फिर से फिट हो सके। उन्होंने लिखा, मैं आराम करूंगा और आपको जानकारी देता रहूंगा। बताया जा रहा है कि मुंबई से कई डॉक्टर्स की टीम प्राइवेट जेट से जोधपुर के लिए रवाना हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्टर्स ने बिग बी की बिगड़ी तबीयत का कारण जोधपुर में बढ़ते तापमान में शूटिंग करने को बताया है। डॉक्टर्स ने कहा है कि वह जल्द ही अमिताभ की तबीयत को लेकर अपडेट देंगे। वहीं, कहा यह भी जा रहा है कि फिल्म में युद्ध के सीन में भारी भरकम कॉस्ट्यूम के कारण उन्हें थकावट महसूस हो रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों ही फिल्म की शूटिंग के दौरान अमिताभ ने मेहरानगढ़ के किले की खूबसूरती की तारीफ की थी। साथ ही उसे बहुत ही सुंदर बताया था। बता दें, अमिताभ अक्सर अपने ट्वीट्स के कारण चर्चा में बने रहते हैं।

## एशियन डेव्हलपमेंट बैंक मदद कर रहा है रायपुर को स्मार्ट बनाने में

रायपुर,(आरएनएस)। स्मार्ट सिटी रायपुर की तेजी से बदलती तस्वीर से प्रभावित होकर एषियन डेव्हलपमेंट बैंक नगर निगम रायपुर क्षेत्र का आकलन कर भविष्य की कार्ययोजना निर्धारित करने स्वयं भी अपनी भागीदारी निभायेगा। एषियन डेव्हलपमेंट बैंक कंसल्टेंट जी.के.डब्लू. के तकनीकी निर्देशक दीप्तरुप कहाली के साथ एक्सपर्ट्स की टीम रायपुर में आंकड़े एकत्रित कर विकास कर रहा हैं। यह टीम ग्यारह माह में नागरिक सुविधाओं का विश्लेशण कर एशियन डेव्हलपमेंट बैंक को अपनी रिपोर्ट देगी। ए.डी.बी. कंसल्टेंट की यह टीम नगर की जल आपूर्ति व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डिस्पोजल, वेस्ट वाटर, सेप्टिक टेंक व अपषिष्ट के निपटान आदि की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी एकत्रित कर रहा है। यह टीम रायपुर स्मार्ट सिटी के ए.बी.डी. क्षेत्र के साथ ही साथ पूरे नगर निगम क्षेत्र का विष्लेषण कर रहा है। यह टीम विभिन्न विभागों से डाटा संकलित कर रही है, एवं यह जानने का प्रयास कर रही है कि ऐसे कौन से क्षेत्र या कार्य योजना वर्तमान में शेष हैं, जो किन्ही कारणों से विकास कार्यो के निष्पादन हेतु अबतक बनी योजनाओं में चिन्हांकित या षामिल नहीं हो सकें हैं। इस आधार पर गैप एनालिसिस कर यह टीम भविष्य की कार्ययोजना बनाएगी एवं इसके लिए विश्र पोषित सहायता सुनिष्चित करेगी।

## अब बैलगाड़ी में बैठकर लामनी पार्क घूम सकेंगे सैलानी

जगदलपुर,(आरएनएस)। संभागीय मुख्यालय स्थित वन विभाग द्वारा संवारे व विकसित किये जा रहे लामनी पार्क में घूमने का मजा अब बैलगाड़ी के माध्यम से पर्यटक उठा सकेंगे। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी कर ली हैं और पार्क का संचालन करने वाली जैव विविधता समिति को सौंप दी हैं। अब आने वाले दिनों में अपने पुराने अतीत को याद करते हुये पर्यटक बैलगाड़ियों में बैठकर 300 हेक्टेयर में फैले पार्क को देख सकेंगें। उल्लेखनीय है कि पार्क में पर्यटकों को घुड़सवारी से भ्रमण की सुविधा प्राप्त है। वहीं सायकलिंग की भी सुविधा है। बच्चों के लिए कृत्रिम गुफा तो कई झूले भी लगाए गए हैं। लोग यहां बड़ी संख्या में अपने बच्चों के साथ पिकनिक मनाने आते है, परन्तु अब पार्क में ग्रामीण माहौल बनाने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में महिला समिति ने बताया कि शहरीकरण के चलते ही गांवों का स्वरूप भी बदल रहा है। शहर में ही और गांवों में भी अब बैलगाड़ियों के दर्शन नहीं होते। उन्होंने बताया कि लामनी पार्क 300 एकड़ में फैले है और पूरी तरह से सुरक्षित है। हम चाहते है कि यहां आने वाले लोग बैलगाड़ी में सवार होकर सघन वनक्षेत्र का अवलोकन कर अपने बच्चें को जंगल दिखाएं। इससे बच्चे जो देश के भावी नागरिक हैं, अपने अतीत का स्मरण कर यह सोचने के लिए विवश होंगे कि हमारे पूर्वज किन परिस्थितियों में अपना आवागमन करते रहें और आने-जाने के लिए भी इस पुराने बैलगाड़ी के माध्यम का उपयोग करते रहे।

## इस बार 8 दिन की होगी वासंतीय नवरात्र

जगदलपुर,(आरएनएस)। शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र की शुरूआत रविवार से हो रही है। इसको लेकर पिछले 5-7 दिन से दंतेश्वरी समेत अन्य मंदिरों में तैयारी चल रही है। वहीं शहर से लेकर देहात तक के मंदिरों में मां के जोत जलेंगे और पूजा-अर्चना चलेगी। नवरात्र के दौरान देवी के अलग-अलग नौ रूप की पूजा श्रद्धा-भक्ति के साथ की जाएगी। इस बार नवरात्र 8 दिन की है, 18 मार्च से 25 अप्रैल तक नवरात्र पर्व रहेगा, 25 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी।

# चौतरफा घिरे बीजेपी नेता नरेश अग्रवाल ने जताया खेद

## जया बच्चन पर आपत्तिजनक बयान





नई दिल्ली,(आरएनएस)। बीजेपी में शामिल होने के बाद ऐक्ट्रेस जया बच्चन पर विवादित बयान देने वाले समाजवादी पार्टी (एसपी) के पूर्व नेता नरेश अग्रवाल ने चौतरफा निंदा के बाद अपने बयान के लिए खेद जताया है। बता दें कि सोमवार को बीजेपी में शामिल होने के बाद अपनी पहली ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में अग्रवाल ने उनकी जगह जया को तरजीह देने पर एसपी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पार्टी ने उनकी तुलना फिल्म अभिनेत्री से की है जो फिल्मों में नाचती थीं। हालांकि उनके बयान से वहां बैठे बीजेपी नेता असहज हो गए, पार्टी ने फौरन इस बयान से खुद को अलग कर लिया था। अग्रवाल ने बयान पर जताया खेद अग्रवाल ने मंगलवार को जया पर दिए बयान पर सफाई देते हुए कहा, मेरे बयान से किसी को कोई कष्ट हुआ है तो मुझे उसका खेद है। मुझे एसपी ने टिकट देना उचित नहीं समझा और जया को टिकट दिया। मैं किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता हूं और खेद जताता हूं। उन्होंने कहा, मेरे बयान को मीडिया ने अलग तरीके से दिखाया। मेरा किसी को दुख पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं अपने शब्द वापस लेता हूं। हालांकि पत्रकारों द्वारा बार-बार माफी मांगने के सवाल पर भी अग्रवाल ने अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगी। उन्होंने उल्टे पूछा, खेद शब्द का मतलब समझते हैं आप? खेला हिंदू कार्ड राम मंदिर के सवाल पर अग्रवाल ने कहा, मैं भी हिंदू हूं और पूजा करता हूं। राम मंदिर का किसी भी हिंदू ने विरोध नहीं किया है। मुस्लिमों को भी राम मंदिर से कोई आपत्ति नहीं है। राम पर उनके पूर्व दिए गए बयानों पर पूछने पर अग्रवाल ने कहा कि वह पुरानी बातों में नहीं जाना चाहते हैं। अग्रवाल की हो रही चौतरफा निंदा अग्रवाल के बयान पर उनकी बीजेपी समेत चौतरफा निंदा हो रही है। बीजेपी नेता सुषमा स्वराज और स्मृति इरानी ने अग्रवाल के बयान की निंदा की है। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने टवीट किया कि नरेश अग्रवाल बीजेपी में शामिल हुए हैं, उनका स्वागत है, लेकिन जया बच्चन जी के विषय में उनकी टिप्पणी अनुचित और अस्वीकार्य है। बीजेपी के पूर्व प्रवक्ता आईपी सिंह ने कहा कि 2001 में घोर भ्रष्टाचार के आरोप में तत्कालीन सीएम राजनाथ सिंह ने नरेश अग्रवाल को बर्खास्त किया था। अब वह बीएसपी, एसपी से होते हुए फिर बीजेपी में हैं। यह व्यक्ति राजनीतिक रूप से खत्म हो जाता और एक सुचितापूर्ण राजनीति होती, लेकिन पार्टी ने सहारा देकर एक राक्षस को फिर से जीवित कर दिया। अखिलेश ने भी बोला अग्रवाल पर हमला एसपी चीफ अखिलेश यादव ने भी अग्रवाल की आलोचना की है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि जया बच्चन पर की गई अभद्र टिप्पणी के लिए वह बीजेपी के नरेश अग्रवाल द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हैं। नरेश अग्रवाल ने जो बयान दिया, वह फिल्म जगत के साथ ही भारत की हर महिला का भी अपमान है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने लिखा कि अगर सच में बीजेपी नारी का सम्मान करती है तो तत्काल नरेश अग्रवाल के खिलाफ कदम उठाये। उन्होंने मांग की है कि नरेश अग्रवाल के बयान के खिलाफ महिला आयोग को भी कार्रवाई करनी चाहिए। बीजेपी में बढ़ सकता है विवाद अग्रवाल के एसपी से बीजेपी का दामन थामने के बाद पार्टी में क्लेश बढ़ना तय माना जा रहा है। वजह यह है कि बीजेपी में नरेश के जितने चाहने वाले हैं, उससे कहीं ज्यादा नापसंद करने वाले हैं। नरेश अकेले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने न केवल हिंदू धर्म पर टिप्पणी की, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किया था। वह बीजेपी में शामिल भी हुए तो जया बच्चन पर टिप्पणी करने के साथ, जिसका विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने न केवल विरोध किया, बल्कि उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि यह टिप्पणी अनुचित और अस्वीकार्य है। राजनाथ को अग्रवाल नहीं पसंद केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, अग्रवाल को तब से पसंद नहीं करते जब वे 2001 में उनकी सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। राजनाथ ने कार्यशैली से तंग आकर उन्हें 2001 में मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया था। नरेश ने तब लोकतांत्रिक कांग्रेस बनाई थी और वह राजनाथ सरकार को समर्थन दे रहे थे। अग्रवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे तब राजनाथ को उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा। नरेश ने 19 विधायकों का समर्थन वापस लेने की धमकी दी, पर उसी वक्त अग्रवाल के साथ के 13 विधायकों ने राज्यपाल को यह लिखकर दे दिया कि वे राजनाथ सिंह के साथ हैं। इसके बाद नरेश अग्रवाल को मुंह की खानी पड़ी। तब से उनके और राजनाथ के रिश्ते सामान्य नहीं रहे। अशोक वाजपेयी से छत्तीस का आंकड़ा बीजेपी के राज्यसभा उम्मीदवार अशोक वाजपेयी और नरेश अग्रवाल के बीच हरदोई की सियासत में छत्तीस का आंकड़ा काफी पुराना है। एसपी के भीतर भले अशोक वाजपेयी मुलायम के करीबी और वरिष्ठ नेता माने जाते हों, लेकिन एसपी सरकार में नरेश ने हरदोई को अपने मनमुताबिक ही चलाया। पिछली सरकार में हरदोई में जो भी अफसर पोस्ट हुआ, वह नरेश के हिसाब से ही रहा। सरल और शांत स्वभाव के पूर्व शिक्षा मंत्री अशोक वाजपेयी और नरेश अग्रवाल के बीच छत्तीस का आंकड़ा समाजवादी परिवार के झगड़े तक सामने दिखा। जब अग्रवाल के कहने पर अशोक वाजपेयी को अखिलेश यादव ने तवज्जो नहीं दी तब वह शिवपाल के साथ जा खड़े हुए। इसी वजह से अशोक वाजपेयी एमएलसी पद से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए।

## सुपारी देकर पति की हत्या कराई

कोरबा (आरएनएस)। बांगो थाना के परला गांव में रहने वाले रमेश कुजूर 40 की गुरुवार की देर रात बांझीआमा जंगल में लोहे की पाइप से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना की रात रमेश के घर बाइक में 3 नाकाबपोश पहुंचे थे। उनके बुलाने पर वह घर से घुंचापुर जाने की बात कहकर निकला था। सुबह उसका शव जंगल में मिला था। पुलिस ने जांच की तो रमेश का किसी से रंजिश नहीं होने का पता चला। लेकिन पत्नी अलमा एक्का पर चरित्र संदेह करते हुए अक्सर विवाद होने की जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने रमेश की पत्नी व बच्चों से पूछताछ शुरू की। एलमा का बयान गोलमोल मिलने पर पूछताछ की गई। जिसमें 19 वर्षीय बेटे के साथ 3 लोगों को 50 हजार रुपए देकर पति रमेश की सुपारी देकर हत्या कराना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे को हिरासत में लेकर अन्य तीनों लोगों की खोजबीन शुरू कर दी है। सोमवार की शाम पुलिस ने रमेश कुजूर के हत्या के मामले में आरोपी पत्नी एलमा, पुत्र दीपक कुजूर समेत सुपारी लेकर हत्या करने वाले राम पटेल, शिवा व महेन्द्र पटेल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर लिया गया। सुपारी लेकर हत्या करने वाले तीनों लोग दूसरे गांव के है। जो योजना बनाकर आधी रात को रमेश के घर पहुंचे। उसे एक स्थान पर हनुमान छाप सिक्का होने की बात कह कर उसे खोजने के बहाने जंगल की ओर बुलाया गया। लोहे की पाइप भी उसके ही घर से उठाया गया। जंगल में पहुंचने पर एक आरोपी ने पीछे से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस को दिए बयान में आरोपी पत्नी अलमा ने बताया पति रमेश को उसके चरित्र पर संदेह करता था। बड़ा पुत्र होने के बाद उसे अपने शक्ल में नहीं आने की बात कहते हुए नाजायज कहकर परेशान और मारपीट किया जाता था। बड़ा पुत्र 19 साल का हो गया उसके बाद भी रमेश मां-बेटे को अक्सर इस बात पर ताना मारता और पिटाई भी करता था।

## जमीन विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले को हुयी 5 साल की कठोर कैद

रायगढ़, 13 मार्च (आरएनएस)। भाई की पत्नी पर जानलेवा हमला करनेवाले आमापाली लैलूंगा के शोभाराम माझी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री मती गीता नेवारे ने आज पांच साल की कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई शोभाराम ने जमीन विवाद को लेकर 20 अगस्त 17 को सुनाई मांझी के सिर पर टांगी से वार कर घायल कर दिया था जिससे उसके प्राण भी जा सकते थे।

## बहन के ससुर पर टांगी से प्राणघातक हमला पुलिस ने किया मामला दर्ज

रायगढ़,(आरएनएस)। बहन से प्रेम विवाह करनेवाले की हत्या करने की नियत से निकले साले ने ससुर पर टांगी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया यह घटना ढिमरापुर की है वन विभाग का सेवा निवृत कर्मचारी नरेन्द्र सिंह जायसवाल ढाबा के पास रहता है 1 वर्ष पूर्व उसके लड़के संतोष सिंह ने बड़े रामपुर के संदीप लकड़ा की बहन से प्रेम विवाह किया था जिससे संदीप लकड़ा रंजिश रखता था तथा इसी रंजिशवश कल रात करीब 11/40 बजे संदीप लकड़ा टांगी लेकर नरेन्द्र सिंह के मकान अन्दर घुसकर संतोष सिंह को ढुंढ रहा था । संतोष सिंह उस समय रेल्वे स्टेशन गया हुआ था, उसी समय नरेंद्र सिंह बाहर से घर पहुंचा जिसे संदीप लकड़ा वाद विवाद कर जान से मारने की नियत से उसके दोनों पैर को टांगी से मारा जिससे वह जमीन पर गिर गया। नरेन्द्र सिंह मदद के लिये बचाओ बचाओ चिल्लाया तो घर के लोग आकर बीच बचाव किये और पुलिस कन्ट्रोल रूप को सूचना दिये । जिसपर थाना कोतवाली से उप निरीक्षक पी.एन. गुप्ता स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे, तब तक आहत को जिंदल अस्पताल भेजा जा चुका था । रिपोर्ट पर संदीप लकड़ा के विरूद्ध धारा 459,307 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## चोरी के 7 मोबाईल सहित बालक पकड़ाया

रायगढ़,(आरएनएस)। बरमकेला की मोबाईल दुकान से चोरी हुए मोबाईल के साथ अपचारी बालक को पकड़ा गया हे गंगाधर पटेल की बरमकेला इंद्र चौक में मोबाइल दुकान है 10 मार्च की सुबह मकान मालिक करीम खान ने गंगाधर को मोबाइल से फोन कर बताया कि दुकान के शटर का ताला टुटा हुआ है तथा सामान चोरी होने की आशंका है तब गंगाधर दुकान आकर देखा, उसके दुकान से 7 नये मोबाईल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, जिसकी रिपोर्ट थाना बरमकेला में दर्ज कराने पर थाना प्रभारी बरमकेला द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया । इस दरम्यान मुखबिर से मिली पुलिस को सूचना मिली की एक 17 वर्षीय अपचारी बालक के पास मोबाईल है जिससे पूछताछ करने पर 9 मार्च की रात दुकान में चोरी करना कबूल किया, जिसके कब्जे से चोरी के सभी 7 मोबाइल कीमत 9554 रु. को बरामद किया गया है।

# नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पार्षदों ने महापौर को घेरा, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**भ्रष्टाचारी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाही करें-राठौड़**

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर नगर निगम में खरीदी और राशन कार्ड बनाने जैसे कामों को लेकर गरीबों से अवैध उगाही कर खुलेआम भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नेताप्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने सोमवार को महापौर प्रमोद दुबे का घेराव किया और नगर निगम में भ्रष्टाचार पर तत्काल लगाम लगाने तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाही करने की मांग की। साथ ही मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौड़ ने बताया कि बीएसयूपी आवंटन में गड़बड़ी, फर्जी भनव निर्माण अनुज्ञा में भ्रष्टाचार, फिल्टर प्लांट कबाड़ घोटाला, ई रिक्शा खरीदी में घोटाला, वित्त विभाग के विकास कार्य में घोटाला समेत अन्य काम में निगम द्वारा घोटाला किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के खिलाफ लगातार आम लोगों की शिकायतें मिल रही हैं। छोटे से बड़े सभी प्रकार के काम करवाने के लिए नगर निगम के जोन कार्यालयों में पैसों का खेल चल रहा है। इसकी शिकायत लोगों ने की है इसी वजह से आज भाजपा पार्षद दल द्वारा नगर निगम का घेराव कर महापौर को रिश्वत और सामान खरीदी में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा है। भाजपा पार्षदों ने ज्ञापन में कहा कि जल्द से जल्द निगम में हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, नहीं तो पार्षद निगम के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

## सड़क हादसों में पांच गंभीर

बिलासपुर,(आरएनएस)। अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में घायल पांच लोगों को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। अनुपपुर जिले के ग्राम झनकारी निवासी बृजलाल केंवट पिता जयपाल केंवट(40) पंजकहा गांव में हुए हादसे में घायल हो गया। इसी प्रकार गिधौरी क्षेत्र के ग्राम हरदा निवासी निशिकांत शर्मा पिता गंगाधर शर्मा(34), मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम दर्रीघाट निवासी दीपक डहरिया पिता सुखसागर डहरिया(19), कुलदीप बंजारे पिता सुकुल बंजारे(17) और मुंशीराम पिता पकलू चेलकर(52) मस्तूरी में हुए सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बिलासपुर विवि के 53 कॉलेज रेड अलर्ट पर, खतरे में मान्यता

बिलासपुर,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बिलासपुर विश्वविद्यालय के 53 कॉलेजों को रेड अलर्ट जारी किया है। 12 मार्च की रात 11.59 बजे तक पोर्टल में ऑनलाइन डाटा अपलोड करने अल्टीमेटम दिया है। इसकी सूचना नोडल अधिकारी व आयुक्त उच्च शिक्षा को तत्काल देने कहा है। ऐसा नहीं करने वाले शासकीय व निजी कॉलेजों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय (एम एच आर डी) ने संभाग के कॉलेजों को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन (ए आई एस एच ई) के पोर्टल में सत्र 2017-18 का ब्योरा मांगा था। कॉलेजों में इसके लिए बकायदा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पोर्टल पर उन्हें ऑनलाइन डाटा अपलोड करना था। संभाग के 168 कॉलेजों में सिर्फ115 कॉलेजों ने जानकारी दी है। जबकि 53 ने कोई जवाब नहीं दिया। 17 फरवरी को दुर्ग विश्वविद्यालय में जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित की। 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से डाटा अपलोड करने का समय दिया।इसके बाद भी संभाग के कॉलेजों ने रुचि नहीं ली। नतीजा इन कॉलेजों को रेड अलर्ट जारी करते हुए 12 मार्च तक अंतिम मोहलत दी गई है। इसके बाद संबद्धता रोकने नियमानुसार कार्रवाई तय है। गौरतलब इसके पूर्व एआईएसएचई दर्जनभर से अधिक कॉलेजों पर संबद्धता रोकने की कार्रवाई कर चुका है। अल्पसंख्यक व शिक्षकों की मांगी जानकारी एआई एस एच ई ने फार्म डीसीएफ-4 व डीसीएस-6 में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों व शिक्षकों की जानकारी मांगी है। संभाग के कई कॉलेज ऐसे जानकारी देने से कतराते हैं। पिछले साल में इसे लेकर काफी दिक्कत हुई थी। ज्ञात हो की केंद्र सरकार इन्हीं आंकड़ों के आधार पर योजना बनाती है। इसके अलावा कई अन्य जानकारी भी अपलोड करनी होती है।आईएएसई व साइंस कॉलेज भी शामिल पोर्टल में जानकारी नहीं देने वाले कॉलेजों में उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान,तारबाहर, शासकीय ई राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय, सरकंडा, डी पी विप्र एजुकेशन कॉलेज, बिरकोना एवं मौलाना आजाद एजुकेशन कॉलेज का नाम भी शामिल है। बीयू के वेबसाइट पर सभी 53 कॉलेजों की सूची सार्वजनिक कर दी है।

**- केंद्र सरकार के आदेश पर कॉलेजों से जानकारी मांगी गई है। यह अतिमहत्वपूर्ण काम है। जिसे प्राथमिकता में करना था। 53 कॉलेज इसमें नाकाम रहे हैं। लापरवाही बरतने वाले कॉलेजों की संबद्धता रोक दी जाएगी। - जितेंद्र कुमार गुप्ता, नोडल अधिकारी,एआईएसएचई, बिलासपुर विश्वविद्यालय**

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर छग रसोईया महासंघ 28 को देगा प्रदेश स्तरीय धरना

रायपुर,(आरएनएस)। भारतीय मजदूर संघ से संबध्द छत्तीसगढ़ रसोईया महासंघ मानदेय वृध्दि, नियमितीकरण, पेंशन, चिकित्सा सुविधा एवं कार्य के घंटों सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में भी महिला एवं बाल विकास मंत्री, प्रमुख सचिव एवं मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अनेकों बार मांगों की पूर्ति किए जाने का आग्रह कर चुका है। बावजूद इसके अभी तक मांगें पूर्ण नहीं हुई है।